**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**12.06.2025/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे**

**रेल टिकट**

भारतीय रेल ने तत्काल टिकट के लिए नए नियमों की घोषणा की है। पहली जुलाई से केवल वे लोग ही भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम –आईआरसीटीसी की वेबसाइट और ऐप पर ऑनलाइन तत्काल टिकट बुक कर सकेंगे, जिन्होंने आधार के साथ अपना खाता प्रमाणित किया है। 15 जुलाई से यह नियम आरक्षण काउंटर से तत्काल टिकट बुक कराने पर भी लागू होंगे। तत्काल टिकट निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से बुक कराने और यात्रियों के हित को सुरक्षित रखने के लिए यह फैसला किया गया है।

**सीमा शुल्क**

केंद्र सरकार ने सूरजमुखी, सोयाबीन और ताड़ के तेल सहित कच्चे खाद्य तेल पर सीमा शुल्क को 20 से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है। अब कच्चे और रिफाइंड खाद्य तेलों के बीच आयात शुल्क अंतर 8 दशमलव सात–पांच प्रतिशत से 19 दशमलव दो–पांच प्रतिशत हो गया है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि इसका उद्देश्य खाद्य तेलों की खुदरा कीमतों को कम करना, उपभोक्ताओं को राहत देना और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करना है।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल नई दिल्ली में कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल के साथ मुलाकात की। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री ने प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तारए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और संगठन को लेकर उनसे चर्चा की। मुख्यमंत्री की आज भी कई केन्द्रीय मंत्रियों के साथ मिलने की संभावना है।

**लेह–दिल्ली रूट**

देश के सबसे ऊंचाई से गुजरने वाले लेह–केलंग–दिल्ली रूट पर हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस सेवा आज से शुरू हो गई है। परिवहन विभाग शिमला के निदेशक बीसी नेगी ने बताया कि आज से केलंग से लेह के लिए बस रवाना हुइ जो कल दिल्ली पहुंचेगी। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददाता।

***देश के सबसे ऊंचाई वाले दर्रो से होकर गुजरने वाली दिल्ली–केलांग–लेह रूट पर आज से हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस सेवा शुरू हो गई है स यह बस आज सुबह पांच बजे केलांग से लेह की ओर रवाना हुई और रात आठ बजे तक लेह पहुंचेगी स  कल सुबह चार बजे यह बस सीधा दिल्ली के लिए रवाना होगी तथा लगभग 1026 किलोमीटर का रास्ता तय करते हुए केलांग, मनाली , कुल्लू , मंडी, चंडीगढ़ होते हुए दिल्ली पहुंचेगी स इस दौरान यह बस बर्फ से लकदक बारालाचा दर्रा , लाचुंग ला व् तांगलंग ला दर्रे से होकर गुजरेगी स इस बस का दिल्ली से लेह तक का किराया 1850 रूपए होगा तथा सफर को पूरा करने में इसे 26 घंटे का समय लगेगा स पर्यटक व् स्थानीय लोग इस बस सेवा के शुरू होने का इंतज़ार कर रहे थे।***

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस

आज विश्व बाल श्रम निषेध दिवस है। बच्चों का शोषण रोकने और बालश्रम को समाप्त करने के लिए इस वर्ष प्रयासों को तेज़ करने का लक्ष्य रखा गया है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन तथा संयुक्त राष्ट्र बाल कोष से कल जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2024 में लगभग 13 करोड़ 80 लाख बाल श्रमिक थे। इनमें से लगभग पांच करोड़ चालीस लाख बच्चे ऐसे खतरनाक कामों में लगे हुए थे जो उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा और विकास के प्रतिकूल है।.

## रणधीर शर्मा

प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता रणधीर शर्मा ने कहा कि पिछले 11 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर नए मुकाम में पहुंच रहा है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार अब आतंकी हमले पर सिर्फ शोक संदेश देकर चुपचाप नहीं बैठ जाती, बल्कि ईंट का जबाव पत्थर से देती है। एयर स्ट्राइक और आपरेशन सिंदूर इसके प्रत्यक्ष प्रमाण है। रणधीर शर्मा ने बिलासपुर में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा है कि मोदी सरकार के 11 साल उपलब्धियों भरे रहे हैं। अर्थव्यवस्था के मामले में भारत 11वें स्थान से चौथे स्थान पर पहुंच गया है।

## कृषि मेला

राष्ट्रव्यापी विकसित भारत संकल्प अभियान–2025 के तहत केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान द्वारा शिमला के कुफरी में कृषि मेला आयोजित किया जा रहा है। कृषि सचिव सी पालरासू आज समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। 15 दिवसीय ये अभियान 29 मई से शुरू हुआ। विकसित

कृषि संकल्प अभियान खरीफ और रबी बुआई मौसम से पहले हर दो साल में आयोजित किया जाता है ताकि फसल उत्पादन, मृदा स्वास्थ्य और संसाधन प्रबंधन में सुधार किया जा सके ।

**मौसम**

प्रदेश में अधिकांश भागों के अधिकतम तापमान में बढ़ौतरी का क्रम लगातार जारी है। वहीं राज्य के मैदानी जिलों में लोगों को भारी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। हमीरपुर, बिलासपुर और ऊना में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सैल्सियस से ऊपर दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग ने आज भी राज्य के मैदानी जिलों में लू चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने कहा कि 13 से 15 जून तक प्रदेश में अलग–अलग स्थानों पर वर्षा होने और अंधड़ चलने की सम्भावना है।

*पूरे प्रदेश में 13 जून तक प्रदेश में मौसम साफ रहेगा। इसी दौरान प्रदेश के ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा, बिलासपुर, शिमला और सोलन में हीटवेब चलने की संभावना है। इसे देखते हुए 12 तारीख को स्पेशल डिस्टिक ऊना, कांगड़ा व मंडी में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। हीटवेब को सीवीयर हीट वेब की संभावना है। संभावना है कि प्लेन व मध्यवर्ती क्षेत्र हैं वहां कई क्षेत्रों में हीटवेब की संभावना बन सकती है दिन के समय में।*

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं दोपहर बाद 3 बजे। नमस्कार।**